| क्र० सं० | राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र | कार्यरत कर्मी | जारी राशि | कुल खर्च (मार्च 98) |
|---|---|---|---|---|
| 23. | त्रिपुरा | 9 | 2.53 | 3.67 |
| 24. | उत्तर प्रदेश | 85 | 27.24 | 38.86 |
| 25. | प० बंगाल | 66 | 21.33 | 35.38 |
| 26. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | 0.92 | 1.24 |
| 27. | दादरा और नगर हवेली | 2 | 1.00 | 0.16 |
| 28. | दमन और दिव | 1 | 0.23 | 0.00 |
| 29. | लक्ष्यद्वीप | 1 | 0.25 | 0.00 |
| 30. | पांडीचेरी | 6 | 2.11 | 1.60 |
| | कुल योग | 920 | 317.99 | 491.62 |

**केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अभियन्ताओं के स्थानान्तरण संबंधी मानदंड**

1692. **श्री दिलीप सिंह भूरिया:** क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नार्थ एवेन्यू स्थित केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में कार्यरत अभियन्ताओं के स्थानान्तरण के संबंध में निर्धारित मानदंड क्या है;

(ख) ऐसे अभियन्ताओं की संख्या कितनी है जो गत दस-बारह वर्षों से वहां तैनात है और उनकी तैनाती के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार ने ऐसे अभियन्ताओं को तत्काल स्थानान्तरित करने के लिए कोई प्रयास किए हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**शहरी कार्य और रोजगार मंत्री (श्री राम जेठमलानी):** (क) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में कार्यरत सहायक इंजीनियरों को सामान्यतः फील्ड और आयोजना पदों पर क्रमशः 4 वर्ष और 3 वर्ष की अवधि पूरा करने पर क्रमानुक्रम में तैनात किया जाता है। कनिष्ठ इंजीनियरों का सामान्यतः 4 वर्ष की अवधि के पश्चात् एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण किया जाता है। नार्थ एवेन्यू सर्विस सेन्टर के लिए भी यही मानदण्ड है।

(ख) और (ग) ऐसा कोई सहायक इंजीनियर/जूनियर इंजीनियर नहीं है।

**Hyderabad—Secunderabad as a Composite Metropolitan**

1693. **SHRI P. PRABHAKAR REDDY:** Will the Minister of URBAN AFFAIRS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is a proposal to declare the twin cities of Hyderabad-Secunderabad as a composite metropolitan city;

(b) if so, the details thereof and the benefits that will accure to the people of this city as a result thereof;

(c) by when this announcement is likely to be made; and

(d) if answer to part (a) above be in negative, the reasons therefor?

**THE MINISTER OF URBAN AFFAIRS AND EMPLOYMENT (SHRI RAM JATHMALANI):** (a) to (d) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

**महानगरों में गंदी बस्तियों में रहने वाले लोग**

1694. **श्री बरजिन्दर सिंह:** क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: